Modicare FOUNDATION

# KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation



अप्रैल 2023



पुष्पा, (एकेडमिक फेसिलिटेटर, मोदीकेयर फाउंडेशन) एमसीडी जसोला के नवनिर्मित के.के. मोदी ख़्वाबगाह ब्लॉक में पढ़ाते हुए

## नए शैक्षणिक सत्र का शुभ आरम्भ

चारो ख़्वाबगाह स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पहली अप्रैल से हुई और छात्रों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

छात्र स्कूल में वापस आने के लिए बहुत उत्साहित थे। वे एमसीडी स्कूल जसोला में नए के.के. मोदी ख़्वाबगाह ब्लॉक को लेकर विशेष रूप से उत्साहित थे। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए नए ब्लॉक के सामने अंतरिक्ष यात्रियों, वकीलों, डॉक्टरों, वैज्ञानिकों आदि के सेल्फी बोर्ड लगाए गए जिनके साथ बच्चों ने तस्वीरें लीं।

छात्रों को उनके सीखने के स्तर के आधार पर विभिन्न वर्गों में भी विभाजित किया गया, जिसमें असर उपकरणों /मापदंडों का उपयोग करके वर्ग निर्धारित किए गए थे।

### नए शैक्षणिक सत्र की झलकियाँ














## कोविड के उपरांत कीर्तिमान संख्या में प्रशिक्षण

अप्रैल माह में, **AOC** टीम ने कुल 3796 प्रतिभागियों के साथ 78 प्रशिक्षण आयोजित किए। प्रतिभागियों में 1477 किशोर, 1939 प्राथमिक स्कूल जाने वाले बच्चे और विभिन्न संगठनों के 380 कर्मचारी शामिल थे। किशोरों और प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों को जीवन कौशल, बड़े होना (किशोरावस्था), हमजोली दबाव और बुलिंग आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया गया, जबकि विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों के साथ पॉश (**POSH**) पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

किशोरों के साथ इंटरनेट की लत और इंटरनेट के उपयोग पर नए सत्र आयोजित किए गए। ऑनलाइन गेमिंग को छात्रों के बीच एक प्रमुख लत के रूप में पाया गया और यह सत्र इसके प्रतिकूल प्रभाव के साथ-साथ इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालने में फायदेमंद रहा।

### नयी शिक्षिका का अनुभव – काशना



मैं हाल ही में मोदीकेयर फाउंडेशन के ख़्वाबगाह कार्यक्रम का हिस्सा बनी हूँ और अकादमिक फैसिलिटेटर के रूप में काम कर रही हूँ। इस छोटी सी अवधि में, मैंने बहुमूल्य जानकारियाँ सीखीं। सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ काम करने से मैं उनके प्रति ज्यादा संवेदनशील हो गयी हूँ। फाउंडेशन ज्वाइन करने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि मैं हर दिन कुछ नया सीख रही हूँ और यह मेरे अंतर्मन में नए विचारों को उत्पन्न और रोशन करने में मदद कर रहा है। मैंने संस्था में ज्वाइन करते ही वार्षिक समीक्षा में भाग लिया और देखा कि मोदीकेयर फाउंडेशन वंचित समुदाय के छात्रों के लिए कितना कुछ कर रहा है। यहाँ हर कोई एक दूसरे का समर्थन और मदद करता है। टीम निर्माण गतिविधियों और अभ्यास सत्रों ने मुझे अपने कौशल को बढ़ाने में मदद की। मैं भी फाउंडेशन को अधिकतम योगदान देने के लिए उत्सुक हूँ।

Modicare FOUNDATION

# KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation



April 2023



Pushpa, Modicare Foundation's Academic Facilitator, teaching in the new KK Modi Khwabgah Block at MCD Jasola

## New Beginnings

The new academic session in the four Khwabgah schools started from April 1st and the students were welcomed back with great enthusiasm.

The students were very excited to be back in school. They were especially excited about the new KK Modi Khwabgah Block in the MCD Jasola School. To commemorate the occasion, selfie boards of astronauts, lawyers, doctors, scientists etc. were set up in front of the new block and children had their photos taken.

The students were also segregated into different sections based on their learning levels which were determined using ASER tools.

### Snapshots of the New Academic Session














## Record Numbers, Post Covid

In April, the AOC team conducted 78 trainings with a total of 3796 participants. The participants included 1477 adolescents, 1939 primary school going children and 380 employees. The adolescents and primary school going children were trained on life skills, growing up, bullying, peer pressure etc. while trainings on POSH were conducted with the employees of various organizations.

New sessions on internet addiction and internet use were conducted with adolescents. Online gaming was found to be a major addiction among the students and the session was beneficial in shedding light on the adverse impact of the same as well as on safe and responsible use of the internet.

## Experiences of a New Teacher - Kashna



I recently joined Modicare Foundation and am working as an Academic Facilitator. In this short period, I learned and gained many valuable insights. Working with government school children has made me more sensitive towards them. After joining, I realized that I am learning something new everyday and it illuminates new ideas within me. I participated in the annual review when I joined here and saw how much Modicare Foundation is doing for underprivileged students. Everyone supports and helps each other here. Team building activities and mock sessions helped me upgrade my skillset. I am also eager to contribute as much as I can to this Foundation.